12610 - रोज़ेदार के लिए सिंघी लगवाना

प्रश्न

क्या सिंघी लगाने वाला और सिंघी लगवाने वाला रमज़ान के दिन में रोज़ा तोड़ देगा ? और क्या वे दोनों रोज़ा तोड़ देंगे और जो कुछ उन दोनों से छूट गया है उसकी क़ज़ा करेंगे या उन दोनों पर क्या करना अनिवार्य है ? आशा है कि मुझे इस से अवगत करायेंगे।

विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

सिंघी लगाने वाला और सिंघी लगवाने वाला दोनों का रोज़ा टूट जायेगा, और उन दोनों पर (दिन के शेष भाग में) खाने पीने से रूक जाना और (उस दिन की) क़ज़ा करना अनिवार्य है ; क्योंकि नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम का फरमान है : "सिंघी लगाने वाले और सिंघी लगवाने वाले का रोज़ा टूट गया।" इसे अबू दाऊद (हदीस संख्या : 2367) और इब्ने माजा (हदीस संख्या : 1679) ने रिवायत किया है और अल्बानी ने सहीह अबू दाऊद (हदीस संख्या : 2074) में इसे सहीह कहा है।

और अल्लाह तआला ही तौफीक़ प्रदान करने वाला (शक्ति का स्रोत) है, तथा अल्लाह तआला हमारे ईश्दूत मुहम्मद, उनकी संतान और साथियों पर दया और शांति अवतरित करे।